भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-165

उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

केरल में केंद्रीय विद्यालय

†165. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि केरल राज्य में कतिपय लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में एक भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है;

(ख) क्या सरकार के पास इन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्यालयों की आवश्यकता को पूरा करने की कोई योजना है;

(ग) क्या सरकार की केरल राज्य के पोन्नानी निर्वाचन क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयंत चौधरी)

(क) से (घ) इस समय पूरे देश में केरल राज्य के 38 केन्द्रीय विद्यालयों सहित 1253 केन्द्रीय विद्यालय कार्यात्मक हैं। नए केन्द्रीय विद्यालयों का खोला जाना एक सतत् प्रक्रिया है। केन्द्रीय विद्यालय (के.वि.) मुख्य रूप से देश भर में शिक्षा का समान कार्यक्रम प्रदान करके रक्षा और अर्द्धसैनिक बलों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के मंत्रालयों अथवा विभागों द्वारा इस प्रतिबद्धता के साथ प्रायोजित किए जा सकते हैं कि वे मानदंडों के अनुसार नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन उपलब्ध कराएं। ये प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं। केंद्रीय विद्यालय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/जिला/संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मानदंडों के आधार पर नहीं खोले जाते हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (के.वि.सं.) से प्राप्त सूचना के अनुसार, केरल के पोन्नानी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नया केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन के मौजूदा मानकों के अनुसार केरल राज्य सरकार से कोई व्यवहार्य प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****